हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.ए. हिन्दी)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2022

एम.एच.डी.-5 : साहित्य सिद्धान्त और समालोचना

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं । प्रत्येक खण्ड में से **दो-दो** प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है । शेष **एक** प्रश्न का उत्तर किसी भी खण्ड से दिया जा सकता है । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

खण्ड क

1. काव्य हेतु और काव्य प्रयोजन के संबंध में भारतीय और पश्चिमी आचार्यों के मतों पर प्रकाश डालिए । *20*

2. ध्वनि सिद्धांत की प्रमुख स्थापनाओं पर विचार कीजिए । *20*

3. साधारणीकरण से तात्पर्य स्पष्ट करते हुए उसके महत्त्व का प्रतिपादन कीजिए । *20*

4. भारतीय काव्यशास्त्र में सहृदय की अवधारणा पर विचार कीजिए । *20*

5. हिन्दी आलोचना में आचार्य शुक्ल के योगदान पर प्रकाश डालिए । *20*

खण्ड ख

6. 'अनुकरण' के बारे में प्लेटो तथा अरस्तू की मान्यताओं का अंतर स्पष्ट कीजिए । *20*

7. ड्राइडन के आलोचना सिद्धांतों का विवेचन कीजिए । *20*

8. नई समीक्षा की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । *20*

9. द्वंद्वात्मक भौतिकवाद को स्पष्ट करते हुए मार्क्सवादी सौंदर्यशास्त्र का परिचय दीजिए । *20*

10. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** पर टिप्पणियाँ लिखिए : *2×10=20*

    (क) अलंकार संप्रदाय

    (ख) मैथ्यू अर्नाल्ड

    (ग) छायावाद के कवि आलोचक

    (घ) प्रतीकवाद और बिम्बवाद

    (ङ) उत्तर आधुनिकतावाद